भारत सरकार
गृह मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1393**
दिनांक 03.05.2016/13 वैशाख, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

**आतंकवाद पर भारत-मालदीव वार्ता**

**†1393. श्रीमती कोथापल्ली गीताः**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मालदीव भारत के साथ द्वीपसमूह वाले इस राष्ट्र के नागरिकों को कट्टर बनाने के लिए इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकी समूहों के प्रयासों पर चिंता जाहिर करते हुए द्विपक्षीय आतंकवाद रोधी तंत्र स्थापित करने के लिए वार्ता कर रहा है; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी)

**(क) से (ख): दिनांक 11 अप्रैल, 2016 को भारत में मालदीव के राष्ट्रपति के हाल के दौरे के दौरान, मालदीव सरकार ने आतंकवाद से निपटने के संबंध में अपनी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए क्षमता संवर्धन की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। दोनों पक्षों ने आतंकवाद और कट्टरवाद का सामना करने के लिए प्रयासों को समन्वित करने और आतंकवाद-रोधी अभियानों, आसूचना साझा करने और क्षमता संवर्धन में सहयोग बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। इसके अतिरिक्त, दिनांक 12 नवम्बर, 2011 को भारत और मालदीव के बीच अंतराष्ट्रीय आतंकवाद, अवैध मादक द्रव्य दुर्व्यापार का सामना करने और क्षमता संवर्धन में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने और तटीय सुरक्षा संबंधी एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गए थे।**

-------